कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द

श्री मकनाराम पिता श्री हीरालाल सालवी निवासी नाबरी (अमराखेडा) तहसील भीम जिला राजसमन्द

– अपीलांट

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, भीम

– रेस्पोण्डेंट

किस्म मुकदमा– अपील सूचना का अधिकार पत्रावली संख्या 05/2018

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 21.03.2018 पत्रावली पेश हुयी। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से वांछित सूचना प्राप्त नही होने से यह अपील जरिये डाक से प्रेषित की गयी। अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लो0सू0अ0 तहसीलदार भीम को अपील प्रति भेजकर अपीलार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लो0सू0अ0 तहसीलदार भीम द्वारा जरिये पत्र कमांक प0 रीडर//18/271–72 दिनांक 16.03.2018 से प्रेषित रिपोर्ट में अंकितानुसार अपीलार्थी को जरिये पत्र क्रमांकः–रीडर/सू0अ0/18/168 दिनांक 12.02.2018 से अपीलार्थी के घर के पते पर जरिये रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित कर दी गई है। अपीलार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराने से अपील निरस्त कराना फरमावें। लो0सू0अधिकारी तहसीलदार भीम की रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी को जरिये पत्र क्रमांकः–रीडर/सू0अ0/18/168 दिनांक 12.02.2018 से रजिस्टर्ड डाक द्वारा सूचना उपलब्ध होने से प्रत्यथी के विरूद्ध अपीलार्थी द्वारा प्रेषित अपील इसी स्टेज पर निरस्त की जाती है। निर्णय प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, भीम को भिजवायी जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो। लोक सूचना अपीलीय अधिकारी जिला कलक्टर राजसमन्द	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)